

02

# आज समाज

www.aajsamaaj.com

04



नई दिल्ली, पृष्ठ-04, शुक्रवार, 28 जुलाई 2023

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र

विक्रमी संवत 2080, मास-श्रावण, शुक्ल पक्ष एकादशी, मूल्य, 2.00 रुपए

## अग्रवाल महाविद्यालय में मनाया युवा संवाद 2047

बल्लभगढ़। अग्रवाल महाविद्यालय में आजादी का अमृत काल महोत्सव मनाने की कड़ी में युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन प्रावार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के दिशा निर्देशन में किया गया। यह



कार्यक्रम डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता की अध्यक्षता में किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. नरेंद्र कुमार प्राचार्य कन्या महाविद्यालय फरीदाबाद रहे। मुख्य अतिथि और निर्णायक मंडल का स्वागत तिलक लगाकर किया गया। इसके पश्चात दीपशिखा प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस अंतर महाविद्यालयी कार्यक्रम में पांच मुख्य विषय चुने गए जिनमें युवाओं को संवाद प्रस्तुत करने के लिए कहा गया। इन विषयों में विकसित भारत का लक्ष्य, गुलामी या औपनिवेशिक मानसिकता का कोई भी निशान हटा दें, हमारी विरासत पर गर्व करें, एकता और एकजुटता और नागरिकों में कर्तव्य की भावना है मुख्य रहे। इस कार्यक्रम में निर्णायक मंडल में किरण आनंद, प्रोफेसर दिव्य ज्योति और डॉ. बांके बिहारी ने मुख्य भूमिका निभाई युवा संवाद के कार्यक्रम में 10 से अधिक अलग-अलग महाविद्यालयों से प्रतिभागियों ने हिस्सेदारी दर्ज कराई और एनएसएस स्वयंसेवकों ने भी ध्यान पूर्वक इस कार्यक्रम को सुना। इस कार्यक्रम का आयोजन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. शोभना गोयल, डॉ. सुप्रिया ढांडा और डॉ. सीमा मलिक की देखरेख में कराया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत ने प्राचीन शिक्षा नीति इतिहास, गौरव को अपनाने पर बल दिया। प्राचार्य ने सभी प्रतिभागियों को शुभाशीष दिया और उनकी प्रशंसा की।